दिन– सोमवार

दिनांक– 09 / 10 / 2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से।

अवधि– 15 मिनट

---

01. चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। मिजोरम में सात नवम्बर, मध्यप्रदेश में सत्रह, राजस्थान में तेईस और तेलंगाना में तीस नवंबर को मतदान होगा।

02. छत्तीसगढ़ में दो चरणों में सात और सत्रह नवम्बर को होगा मतदान। पांचों राज्य में तीन दिसम्बर को होगी मतों की गिनती।

03. सुप्रीम कोर्ट से प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में बीएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को फिलहाल राहत नहीं। बिहार सरकार की याचिका दूसरे बेंच में स्थानांतरित की गयी।

04. और, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में एशियाई खेल में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल से करेंगे संवाद।

———————————————————————

मिजोरम, छत्तीसगढ, मध्यप्रदेश, राजस्थान और तेलंगाना में विधानसभा चुनाव सात नवम्बर से तीस नवम्बर के बीच कराए जाएंगे। इन राज्यों में मतों की गिनती तीन दिसम्बर को होगी। एक रिपोर्ट––

–––बाईट–––

निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। मिजोरम में सात नवम्बर को एक ही चरण में मतदान कराया जाएगा, इसके लिए अधिसूचना इस महीने की 13 तारीख को जारी की जाएगी। छत्तीसगढ में पहले चरण का मतदान सात नवम्बर को और दूसरे चरण का 17 नवम्बर को होगा। पहले चरण के लिए अधिसूचना इस महीने की 13 तारीख को और दूसरे चरण के लिए 21 तारीख को जारी होगी। वहीं मध्यप्रदेश में 17 नवम्बर को, होने वाले मतदान के लिए अधिसूचना 21 अक्टूबर को जारी होगी, जबकि राजस्थान में 23 नवम्बर को होने वाले मतदान के लिए अधिसूचना 30 अक्टूबर को जारी की जाएगी। तेलंगाना में 30 नवम्बर को एक ही चरण में मतदान होगा। राज्य में चुनाव की अधिसूचना तीन नवम्बर को जारी होगी। समाचार कक्ष से मनोज।

नई दिल्ली में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि इन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव वर्ष दो हजार चौबीस के आम चुनाव से पहले होने वाले अंतिम विधानसभा चुनाव होंगे। पांचों राज्यों में कुल छह सौ उनासी विधानसभा सीटें हैं और लगभग सोलह करोड मतदाता हैं। इन चुनावों में साठ लाख से अधिक मतदाता पहली बार मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में एशियाई खेल में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल से बातचीत करेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री एशियाई खेलों में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए एथलीटों की प्रशंसा करेंगे और उन्हें भविष्य की प्रतियोगिताओं के लिए प्रेरित करेंगे। एशियाई खेलों में अट्ठाईस स्वर्ण

पदक सहित भारत ने कुल एक सौ सात पदक जीते हैं। एशियाई खेलों में यह भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। कार्यक्रम में एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल के खिलाडी, उनके कोच, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी और राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधि भाग लेंगे।

———————————————————————

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार द्वारा प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में बीएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को फिलहाल राहत दिये जाने से इंकार कर दिया है। न्यायमूर्ति ए. एस बोपन्ना और एम.एम. सुंदरेश की पीठ ने इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा दायर स्पेशल लीव पिटीशन की सुनवाई की। खंडपीठ ने मामले को जस्टिस अरूण घोष की पीठ को स्थानांतरित कर दिया। इस पीठ ने ही प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में सिर्फ बीटीसी और डीएलएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को शामिल किये जाने का आदेश दिया था। एसएलपी स्थानांतरित किये जाने के बाद राज्य सरकार ने याचिका वापस ले ली और न्यायालय को बताया कि इस मामले में नए सिरे से रिट याचिका दायर की जायेगी।

———————————————————————

केन्द्र सरकार ने पटना के अनिसाबाद से पटना एम्स तक छह लेन वाले एलिवेटेड रोड के निर्माण को मंजूरी दे दी है। पथ निर्माण विभाग के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि सात किलोमीटर लंबी एलिवेटेड रोड फुलवारीशरीफ के रास्ते एम्स को जोड़ते हुए एनएच—एक सौ अड़तीस में मिल जायेगी। इस सड़क के निर्माण के लिए फिलहाल नौ सौ पचास करोड़ रूपये की राशि आवंटित की गयी है।

———————————————————————

राजद के विधान पार्षद प्रोफेसर रामबली चंद्रवंशी ने जातीय गणना की रिपोर्ट को खारिज किया है। आज पटना में संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने कहा कि जातीय गणना की रिपोर्ट सच्चाई से परे है और इसमें पारदर्शिता नहीं बरती गयी है। उन्होंने रिपोर्ट में चंद्रवंशी समाज की आबादी बहुत कम कर दिखाये जाने का आरोप लगाया है।

———बाईट———

———————————————————————

समस्तीपुर में आज सीपीआईएम द्वारा जन—आक्रोश रैली का आयोजन किया गया। रैली को पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व सांसद सीताराम येचुरी ने संबोधित किया। उन्होंने केंद्र सरकार से देशभर में जातीय गणना करवाने की मांग की।

————————————————————————

राज्य में डेंगू का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के दो सौ छियासी नये मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना में सबसे अधिक एक सौ उनसठ नए मामले मिले हैं। इधर, वैशाली में पंद्रह, सारण और बांका में तेरह–तेरह और भागलपुर में दस मरीजों की पुष्टि हुयी है। प्रदेश में डेंगू मरीजों की संख्या नौ हजार से अधिक हो गयी है। जाने माने चिकित्सक डॉक्टर माधव धर्मे ने डेंगू से बचने के उपयों के बारे में जानकारी दी।

———बाईट———

————————————————————————

आयुष्मान भवः अभियान के अंतर्गत एक माह से भी कम समय में तीन लाख से अधिक रक्त यूनिट एकत्रित की जा चुकी हैं। यह अभियान सत्रह सितंबर से दो अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के दौरान चलाया गया था। स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर मनसुख मांडविया ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि पहले सालाना केवल नौ लाख रक्त यूनिट एकत्र की जाती थीं। उन्होंने मानवता की सेवा के लिए सभी रक्तदाताओं को धन्यवाद दिया।

————————————————————————

प्रदेश से मॉनसून की वापसी शुरू हो गयी है। इसके चलते राज्य में बारिश की गतिविधियों में कमी आयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज जिले के खगड़ाघाट में सबसे अधिक बीस मिलीमीटर बारिश हुयी। मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले पांच दिनों तक मौसम प्रायः शुष्क बना रहेगा। राज्य के उत्तर–पूर्व और उत्तर–पश्चिम के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश की संभावना है।

———बाईट———

————————————————————————

डाक विभाग ने राज्य के छोटे उत्पादकों, कलाकारों और शिल्पियों के उत्पादों की पहुंच विदेशों तक बढ़ाने के लिए डाक निर्यात केंद्रों की शुरुआत की है। बिहार सर्किल के पोस्ट मास्टर जनरल परिमल सिन्हा ने बताया कि अभी पटना, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, गया और कटिहार के अलावा राज्य में चौवालीस छोटे बड़े डाकघरों में यह सुविधा उपलब्ध है। श्री सिन्हा ने बताया कि विदेश व्यापार महानिदेशालय की मदद से इसे संचालित किया जा रहा है।

---

मधुबनी जिले के साहरघाट में डकैतों की गोलीबारी और बमबारी में पुलिस के दो जवान घायल हो गये। लूट–पाट के दौरान डकैतों ने घर के पांच सदस्यों को भी चाकू मारकर घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जवान को बेहतर इलाज के लिए मधुबनी भेजा गया है। डकैतों ने व्यापारी के घर से करोड़ों रूपये की संपत्ति भी लूट ली। पुलिस ने बताया कि लगभग पचास की संख्या में आए डकैतों ने घटना को अंजाम दिया।

---

नालंदा जिले के चिकसौरा थाना क्षेत्र के मिर्जापुर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर एक मिनीगन फैक्ट्री का खुलास किया है। मौके से भारी मात्रा में निर्मित–अर्धनिर्मित हथियार और हथियार बनाने के उपकरण बरामद किये गये हैं। फैक्ट्री संचालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

पूर्णियां मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एमबीबीएस की पढ़ाई आज से शुरू हो गयी है। पहले बैच में छियानवे छात्रों ने नामांकन लिया है। आज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में एप्रॉन सेरोमनी का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्राचार्य ने बताया कि सीमांचल के इस पहले सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में छह सौ बेड की क्षमता है। साथ सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

---

पूर्व मध्य रेलवे ने त्योहरों को देखते हुए पटना और गया से आनंद विहार के लिए स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला किया है। आनंद विहार से पटना के लिए स्पेशल ट्रेन तेईस नवम्बर से दस दिसम्बर तक सप्ताह में दो दिन अप और डाउन में चलायी जायेगी। वहीं, पटना से आनंद विहार के बीच एक अन्य ट्रेन का परिचालन पच्चीस नवम्बर से इक्कीस दिसम्बर तक प्रत्येक शनिवार और रविवार को अप और डाउन में होगा। इसके अलावा गया से आनंद विहार के बीच बीस नवम्बर से आठ दिसम्बर तक सप्ताह में तीन दिन स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जायेगा।

---

समस्तीपुर के रूपनारायण बेला गांव निवासी विजय कुमार को फाइलेरिया ग्रसित दिव्यांग पेंशन का लाभ दिया जायेगा। बिहार में पहली बार फाइलेरिया ग्रसित व्यक्ति को दिव्यांग पेंशन दिया जा रहा है।

---

कैमूर जिले के जीटी रोड स्थित समेकित चेकपोस्ट के पास पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने एक ट्रक से लगभग तेरह हजार बोतल शराब बरामद की है। मौके से ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

————————————————————

वैशाली जिले के हाजीपुर सदर थाना क्षेत्र के बलवाकुंबारी में अपराधियों ने घर घुसकर एक निजी स्कूल संचालक की गोली मारकर हत्या कर दी। वहीं, सारण जिले के एकमा बाजार में अपराधियों ने एक किराना व्यापारी की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या के विरोध में आज एकमा बाजार पूरी तरह बंद रहा।

————————————————————

शेखपुरा जिले के बेलछी बेलदरिया में अपराधियों  ने एक सामाजिक कार्यकर्ता की हत्या कर उसका शव कुएं में फेंक दिया। घटना से आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम प्रदर्शन किया।

————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के मोतिहारी में शॉट सर्किट के कारण एक होटल में आग लग जाने से लाखों रूपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गयी।

————————————————————

पूर्णिया जिले के रूपौली में एक ट्रक की चपेट में आने से स्कूटी सवार एक बिजली कर्मी की मौत हो गयी। वहीं, लखीसराय जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के छह नम्बर मोड़ के पास ट्रक की चपेट में आने से ई–रिक्शा सवार एक महिला की मौत हो गयी, जबकि छह अन्य घायल हो गये। दूसरी तरफ गया जिले के बाराचट्टी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच–दो पर सड़क हादसे में एक छात्रा की मौत हो गयी।

————————————————————

बेगूसराय जिले के भगवानपुर थाना क्षेत्र के नौला गांव में पुलिस ने दो अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

————————————————————

शिवहर के पुलिस अधीक्षक अनंत कुमार ने स्थानीय अदालत के आदेश पर जिले के दो थानाध्यक्ष सहित तीन पुलिस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया है।

————————————————————

पूर्वी चंपारण जिले के वनकटवा स्थित किसान भवन में एसएसबी की ओर से मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा निकाली गयी और लोगों के घरों से मिट्टी एकत्र की गयी।

————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार............

01. चुनाव आयोग ने पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। मिजोरम में सात नवम्बर, मध्यप्रदेश में सत्रह, राजस्थान में तेईस और तेलंगाना में तीस नवंबर को मतदान होगा।

02. छत्तीसगढ़ में दो चरणों में सात और सत्रह नवम्बर को होगा मतदान। पांचों राज्य में तीन दिसम्बर को होगी मतों की गिनती।

03. सुप्रीम कोर्ट से प्राथमिक शिक्षक नियुक्ति प्रक्रिया में बीएड डिग्रीधारी अभ्यर्थियों को फिलहाल राहत नहीं। बिहार सरकार की याचिका दूसरे बेंच में स्थानांतरित की गयी।

04. और, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल नई दिल्ली में एशियाई खेल में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल से करेंगे संवाद।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।